
# महान भारत का संकल्प हो रहा साकार

## गृहमंत्री अमित शाह ने राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर आयोजित समारोह को संबोधित किया

**पटना, 07 नवंबर. केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह को संबोधित किया.**

श्री शाह ने स्वदेशी संकल्प पत्र के सामूहिक वाचन का भी नेतृत्व किया. उन्होंने कहा कि आज का दिन भारतीय चेतना के जागरण का दिन है. 150 वर्ष पहले आज ही के दिन बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ने वंदे मातरम को सार्वजनिक किया था. इस गीत की रचना करके बंकिम बाबू ने राष्ट्र को राष्ट्रीय चेतना का एक महामंत्र दिया - जो आगे चलकर स्वतंत्रता का आह्वान, एक एकीकृत शक्ति और स्वतंत्रता के बाद, पूरे देश को एक सूत्र में पिरोने का कारण बना.आज, जब हम वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ मना रहे हैं, हम सभी जानते हैं कि हमारे स्वतंत्रता संग्राम के नेताओं ने एक महान भारत के लिए जो स्वप्न देखे थे, पिछले 11 वर्षों में हमारे सामूहिक राष्ट्रीय प्रयासों से उन्हें अभूतपूर्व प्रगति मिली है.

मैं आज के कार्यक्रम के बारे में भी जानकारी साझा करना चाहूँगा. आज से, पूरे देश में वंदे मातरम के सामूहिक गायन के साथ, भारत की राष्ट्रीय चेतना को पुनर्जीवित करने के लिए एक वर्ष तक चलने वाला चरणबद्ध अभियान चलाया जाएगा.



### पूरे देश में वंदे मातरम का मंत्र एक स्वर में गूंजेगा

देश में वंदे मातरम का मंत्र एक स्वर में गूंजेगा और हमारे राष्ट्रीय जीवन को इस मंत्र में निहित भावना व अर्थ के साथ जोड़ने का प्रयास किया जाएगा .यह अभियान भौतिक और डिजिटल दोनों रूपों में चलाया जाएगा . प्रत्येक भारतीय भाषा में वंदे मातरम 150 नामक एक सोशल मीडिया अभियान भी चलाया जाएगा .

150वें वर्ष का जश्न मनाते हुए, यह समझना ज़रूरी है कि वंदे मातरम किस युग में लिखा था. 1875 के आसपास, सदियों के मुगल शासन के बाद, ब्रिटिश साम्राज्य ने अपना प्रभुत्व पूरी तरह स्थापित कर लिया था. प्रथम स्वतंत्रता संग्राम विफल हो चुका था राष्ट्र पर अनिश्चितता का साया मंडरा रहा था—क्या हमारी राष्ट्रीय चेतना कभी पूरी तरह जागृत होगी? तभी बंकिम बाबू ने मातृभूमि के लिए इस भजन की रचना की, जो भारत के सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का पहला उद्घोष बन गया .




# जन्मदिन पर 57 किलोग्राम चावल किया भेंट - रेवंत रेड्डी

**हैदराबाद, 07 नवंबर.** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी को उनके जन्म दिन पर 57 किलोग्राम चावल का एक चित्र भेंट किया गया है जो उनकी उम्र और गरीबों के लिए उनकी सरकार की प्रमुख मुफ्त चावल योजना का प्रतीक है। रेड्डी का अपना जन्मदिन आठ नवंबर को मनाएंगे. तेलंगाना मत्स्य विकास निगम के अध्यक्ष मेट्टू साईकुमार ने 57 साल के हुए मुख्यमंत्री के सम्मान में यह रचनात्मक उपहार दिया.

# पंजाब में पराली जलाने की दर में अभूतपूर्व कमी : केजरीवाल

**चंडीगढ़/नई दिल्ली 07 नवबंर. अरविन्द केजरीवाल ने हाल ही में सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर राजेश वर्मा, जो कि कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट के अध्यक्ष हैं, का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया है.**




उन्होंने आईपी पर लिखा कि पंजाब राज्य में पराली जलाने की दर में उल्लेखनीय कमी देखी गई है और यह एक सच्ची पराली क्रांति का संकेत है. स्थापित किया है. उन्होंने विशेष रूप से वर्मा का धन्यवाद किया है जिन्होंने किसानों और सरकार के साझे प्रयास को स्वीकार किया. इस संदेश के साथ यह साफ हो गया है कि पराली जलाने के खिलाफ लड़ाई अब सिर्फ कानून और कहने तक सीमित नहीं है, बल्कि एक समन्वित अभियान और जनभागीदारी का स्वरूप ले रही है. हिंदी प्रदेशों में शरद और सर्दियों के आरंभ के साथ अक्सर चर्चा में आ जाती है पराली जलाने की समस्या. इसी संदर्भ में, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की वायु गुणवत्ता पर इसका गहरा प्रभाव आता रहा है. लेकिन इस बार चर्चा का केंद्र बिंदु है पंजाब, जहां पर हलचल मची है पराली क्रांति की.

# ट्रंप बोले, पीएम मोदी मेरे अच्छे दोस्त हैं'

- अमेरिका और भारत की ट्रेड डील पर ट्रंप ने जताई आशा,
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की संभावना

**वाशिंगटन डीसी/नई दिल्ली, 07 नवम्बर. अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना महान दोस्त बताते हुए एक बार फिर भारत-अमेरिका संबंधों पर जोर दिया है.**

वाशिंगटन डीसी में मीडिया से बातचीत के दौरान ट्रंप ने न केवल भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की चर्चा की, बल्कि अगले साल भारत यात्रा की संभावना का संकेत भी दिया. उन्होंने मुस्कराते हुए कहा कि अगर प्रधानमंत्री मोदी उन्हें



बुलाएंगे, तो वे भारत जरूर आएंगे. ट्रंप ने अपने बयान में यह भी दोहराया कि भारत ने रूस से तेल की खरीद को काफी हद तक कम किया है और भारत-पाकिस्तान सीजफायर पर भी उन्होंने अपने पुराने दावे दोहराए. हालांकि, भारत ने स्पष्ट किया कि सीजफायर में अमेरिका या किसी तीसरे देश की कोई भूमिका नहीं थी. यह भारत के स्वतंत्र निर्णय के तहत हुआ.

ट्रंप और मोदी की दोस्ती पुरानी है. कार्यक्रमों में दोनों नेताओं की आपसी केमिस्ट्री को वैश्विक मंच पर देखा गया. यदि ट्रंप अगले साल भारत आते हैं, तो यह संबंधों में नई ऊर्जा और व्यापारिक सहयोग को बढ़ावा दे सकता है. अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पीएम मोदी को अपना महान दोस्त बताया और भारत दौरे की संभावित योजना का संकेत दिया. वाशिंगटन डीसी में शुक्रवार तड़के भारतीय समयानुसार मीडिया से बातचीत के दौरान ट्रंप ने कहा कि दोनों देशों के बीच व्यापार समझौते पर चर्चा जारी है.

# कोरियाई प्रायद्वीप में तनाव बढ़ा उत्तर कोरिया ने दागी नई मिसाइल

**सोल, 07 नवंबर. उत्तर कोरिया के शुक्रवार को अपने पूर्वी जलक्षेत्र की ओर एक बैलिस्टिक मिसाइल दागने से इलाके में क्षेत्रीय स्थिरता को एक बार फिर नुकसान पहुंचा है.**

दक्षिण कोरिया की सेना ने यह जानकारी दी है. दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने कहा कि पश्चिमी क्षेत्र ताइक्कान के आसपास के एक अंतरदेशीय क्षेत्र से यह मिसाइल दागी गयी. उन्होंने उड़ान के बारे में और जानकारी नहीं दी, पर यह अवश्य कहा कि दक्षिण कोरिया की सेना ने उत्तर कोरिया द्वारा और अधिक प्रक्षेपणों की आशंका के खिलाफ निगरानी और सतर्कता बढ़ा दी है



और अमेरिका तथा जापान के साथ जानकारी साझा की जा रही है. जापान के प्रधानमंत्री साने ताकाइची ने बताया कि मिसाइल देश के विशेष आर्थिक क्षेत्र के बाहर के जलक्षेत्र में गिरी और संभवतः कोई नुकसान नहीं हुआ. गौरतलब है कि किम जोंग उन, ट्रंप के साथ अपनी कूटनीति के पटरी से उतरने के बाद से, वाशिंगटन और सोल के साथ हर तरह की बातचीत से परहेज कर रहे हैं.

# अफगान-पाकिस्तान सीमा पर गोलीबारी

- कंधार के स्पिन बोल्डक में मोर्टार दागे गए, तनाव बढ़ा

**काबुल/इस्लामाबाद, 06 नवंबर. अफगानिस्तान के कंधार प्रांत के एक सीमावर्ती जलि में पाकिस्तानी सेना ने भारी हथियारों का भी जमकर इस्तेमाल किया .**

अफगानिस्तान के स्थानीय मीडिया के अनुसार गोलीबारी स्थानीय समयानुसार गुरूवार शाम लगभग 5 बजे हुई. इसमें कहा गया है कि स्पिन बोल्डक जलि के एक व्यावसायिक बाजार पर मोर्टार के गोले दागे गए, जिससे निवासियों और व्यापारियों को इलाके से भागने पर मजबूर होना पड़ा.



उधर पाकिस्तान ने कहा है कि अफगान तालिबान के नियंत्रण वाले इलाके से कुछ तत्वों द्वारा पाकिस्तानी चौकियों पर बिना उकसावे के गोलीबारी शुरू करने के बाद पाकिस्तान- अफगानिस्तान सीमा पर गोलीबारी हुई. अफगानी सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने देश के दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत के चमन जलि में हुई गोलीबारी का तुरंत और प्रभावी ढंग से जवाब दिया और अपनी चौकियों की सुरक्षा सुनिश्चित की. सूत्रों ने पुष्टि की कि दोनों पक्षों के बीच संघर्ष विराम समझौता बरकरार है और इस बात पर जोर दिया कि स्थानीय कमांडरों द्वारा समय पर की गई कार्रवाई से स्थिति को नियंत्रित करने और शांति बहाल करने में मदद मिली. यह घटना उस समय हुई जब अफगानिस्तान और पाकिस्तान के प्रतिनिधिमंडल की तुर्की के इस्तांबुल में अपनी तीसरे दौर की वार्ता चल रही है.

## एक नजर में



### वियतनाम में तूफ़ान कालमेगी से पांच की मौत

**हनोई, 07 नवंबर .** मध्य वियतनाम में तूफान कालमेगी के कारण कम से कम पांच लोगों की मौत हो गयी और छह अन्य घायल हो गये हैं . स्थानीय दैनिक लाओ डोंग ने शुक्रवार को यह जानकारी दी . तीन मौतें डाक लाक प्रांत में हुईं, जबकि अन्य दो गिया लाई प्रांत में हुईं . स्थानीय अधिकारियों की प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार पूरे क्षेत्र में 52 घर ढह गये और 2,593 अन्य क्षतिग्रस्त हो गए . स्थानीय अधिकारी नुकसान का आकलन और राहत कार्य जारी रखे हुए हैं . वियतनाम के कृषि एवं पर्यावरण मंत्रालय ने कहा कि तूफ़ान आज तड़के एक उष्णकटिबंधीय दबाव क्षेत्र में कमजोर हो गया और फिर दक्षिणी लाओस के ऊपर एक निम्न दबाव क्षेत्र में बदल गया .

### न्यूयॉर्क के नए मेयर को ट्रंप ने बताया 'कम्युनिस्ट'

**वाशिंगटन, 07 नवंबर .** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरूवार को दावा किया कि न्यूयॉर्क शहर के मेयर पद के चुनाव में डेमोक्रेट समाजवादी ज़ोहरान ममदानी की ऐतिहासिक जीत के बाद देश ने अपनी संप्रभुता का कुछ हिस्सा खो दिया है . ट्रम्प ने मियामी में अमेरिका बिजनेस फोरम में ममदानी को कम्युनिस्ट बताया और चेतावनी दी कि उनके नेतृत्व में न्यूयॉर्क कम्युनिस्ट क्यूबा या समाजवादी वेनेज़ुएला जैसा हो सकता है, जिससे निवासियों को फ्लोरिडा भागने के लिए प्रेरित किया जा सकता है . उन्होंने कहा, अमेरिकी लोगों ने अपनी सरकार बनाई . हमने अपनी संप्रभुता बहाल की . कल रात न्यूयॉर्क में हमने अपनी थोड़ी संप्रभुता खो दी, लेकिन हम इसका ध्यान रखेंगे . उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि ममदानी का एजेंडा एक व्यापक डेमोक्रेटिक रणनीति को दर्शाता है .

### भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेष 18 तक भूटान में रहेंगे

**नई दिल्ली, 07 नवंबर .** राष्ट्रीय संग्रहालय में यहां स्थापित भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेष आध्यात्मिक और सांस्कृतिक आदान प्रदान के तहत 8 से 18 नवंबर तक भूटान की राजधानी थिम्पू में आयोजित वैश्विक शांति प्रार्थना महोत्सव में शामिल किये जायेंगे . इस दौरान पवित्र अवशेष की सार्वजनिक प्रदर्शनी भी होगी जहां श्रद्धालु इसके दर्शन कर सकेंगे . आधिकारिक सूचना के अनुसार भगवान बुद्ध के यहां स्थापित पवित्र अवशेष को थिम्पू भेजे जाने के दौरान पवित्र अवशेष प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ . वीरेंद्र कुमार करेंगे . उनके साथ वरिष्ठ भारतीय भिक्षुओं और अधिकारियों का एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी होगा .

# जनता चाहती है दोबारा एनडीए सरकार

### सीएम योगी का दावा - बिहार में विकास पर जनता की मुहर

**लखनऊ, 7 नवम्बर. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के बाद कहा है कि बिहार की जनता ने 'विकसित बिहार' के एजेंडे पर मुहर लगा दी है.**

उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से कहा कि पहले चरण में हुए मतदान में मतदाताओं ने भाजपा-एनडीए सरकार के विकास संकल्प पर भरोसा जताया है. योगी ने लिखा, बिहार ने प्रथम चरण के मतदान में भाजपा-एनडीए सरकार के संकल्प 'विकसित बिहार' पर अपने विश्वास और आशीर्वाद की मुहर लगा दी है. उन्होंने कहा कि वे आज पूर्वी और पश्चिमी चंपारण की जनता से संवाद करेंगे और वहां के लोग सुशासन और विकास के प्रति दृढ़ संकल्पित हैं. गौरतलब है कि बिहार चुनाव के पहले चरण में रिकॉर्ड 64.66 प्रतिशत मतदान हुआ. इस चरण में 1,314 उम्मीदवारों का भाग्य ईवीएम में बंद हो गया. प्रमुख उम्मीदवारों में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, तेजस्वी यादव व नीतीश कुमार सरकार के 16 मंत्री शामिल हैं. जिन लोगों ने 2005 के पहले के बिहार की अराजकता और जंगलराज को देखा है, उनसे मेरी अपील है कि वे युवाओं को उस समय के हालत से अवगत कराएं. कितनी परिश्रम के बाद आपने यह सुशासन पाई है. अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार एलईडी की रोशनी में जगमग होने को तैयार है.

योगी आदित्यनाथ ने आगे कहा कि वे आज सत्याग्रह और राष्ट्रवाद की धरती पूर्वी और पश्चिमी चंपारण की जनता से संवाद करेंगे . उन्होंने कहा कि हर चंपारणवासी दृढ़ संकल्पित है कि विकसित बिहार बनाना है, भाजपा-एनडीए सरकार दोबारा लाना है . बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान बुधवार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ . योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बिहार और उत्तर प्रदेश दोनों राज्यों में विकास और सुशासन की गति तेज हुई है . उन्होंने विश्वास जताया कि बिहार की जनता इस चुनाव में स्थिरता और प्रगति के लिए भाजपा-एनडीए को दोबारा चुनकर 'विकसित बिहार' के संकल्प को साकार करेगी .



### नीतीश बोले : लोकतंत्र में बढ़ा विश्वास

पटना, 07 नवंबर .बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण में रिकॉर्ड मतदान के लिए प्रदेश के लोगों को धन्यवाद दिया है . श्री कुमार ने शुक्रवार को एक्स पर लिखा, पहले चरण में रिकॉर्ड मतदान के लिए बिहार के लोगों का हृदय से धन्यवाद . उन्होंने कहा,पिछले वर्षों में बिहार ने अभूतपूर्व तरक्की की है . अब बिहार को विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल करने का समय आ गया है . मुख्यमंत्री श्री कुमार ने कहा कि लोकतंत्र में मतदान केवल हमारा अधिकार ही नहीं, दायित्व भी है . उन्होंने बिहार के लोगों से आग्रह करते हुये कहा कि आने वाली 11 तारीख को दूसरे चरण में भी इसी उत्साह के साथ मतदान करें, जिससे बिहार और आगे बढ़े . सबका सम्मान हो, सबका विकास हो . गौरतलब है कि बिहार ने विधानसभा के पहले चरण 06 नवंबर के मतदान में सबसे ज्यादा 64 .66 प्रतिशत मतदान दर्ज कर राज्य के चुनावी इतिहास में एक नया कीर्तिमान बनाया . निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, पहले चरण में 121 विधानसभा क्षेत्रों में हुए मतदान में करीब 3 .75 करोड़ मतदाताओं को अपने मताधिकार के प्रयोग का हक हासिल था . यह आंकड़ा 1951 से अब तक हुए सभी लोकसभा और विधानसभा चुनावों के मुकाबले सबसे ज्यादा है .



### बिहार में बदलाव के लिये हो रहा है चुनाव : अखिलेश

**औरंगाबाद .** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शुक्रवार को कहा कि बिहार में विधानसभा के लिये पहले चरण में आधी सीटों पर ही चुनाव हुआ है, लेकिन इसी में लोगों का सरकार बदलने का स्पष्ट दिख रहा है . श्री यादव ने औरंगाबाद जिले के रफीगंज में महागठबंधन के प्रत्याशी गुलाम शाहिद और रोहतास जिले के नोखा विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी श्रीमती अनीता देवी के पक्ष में आयोजित चुनावी जनसभाओं को सम्बोधित करते हुये कहा कि बिहार में परिवर्तन की लहर है .

## आज का इतिहास

| | |
|---|---|
| 1917 | प्रसिद्ध भारतीय महिला चिकित्सक कमल रणदिवे का जन्म . |
| 1929 | भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी का जन्म . |
| 1945 | हांगकांग में नौका दुर्घटना में 1550 लोगों की मौत |
| 1956 | संयुक्त राष्ट्र (संरा) ने तत्कालीन सोवियत संघ से यूरोपीय देश हंगरी से हटने की अपील की . |
| 1957 | ब्रिटेन ने क्रिसमस द्वीप समूह के समीप परमाणु परीक्षण किया . |
| 1959 | साहित्यकार लोचन प्रसाद पाण्डेय का निधन . |

# भारत के 44 नागरिक अभी भी रूस की सेना में : विदेश मंत्रालय

**नई दिल्ली 07 नवम्बर.भारत के 44 नागरिक अभी भी रूसी सेना में सेवारत हैं और सरकार इन्हें जल्द रिहा कराने तथा इस तरह की भर्तियों को बंद करने के लिए रूस के साथ विभिन्न स्तर पर निरंतर संपर्क बनाए हुए है.**

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को यहां साप्ताहिक ब्रीफिंग में सवालों के जवाब में यह जानकारी दी. उन्होंने कहा कि हमें पता चला है कि भारतीय नागरिकों को रूसी सेना में भर्ती किया गया है. जानकारी के अनुसार अभी 44 भारतीय नागरिक रूसी सेना में सेवारत हैं. उन्होंने कहा कि सरकार इनकी रिहाई के लिए रूस के साथ निरंतर संपर्क बनाए हुए है. सरकार इस तरह की भर्तियों को बंद करने की कोशिशों में लगी है. उन्होंने कहा कि सरकार इन लोगों के परिवारों से भी संपर्क बनाए हुए है. प्रवक्ता ने कहा , हम रूसी पक्ष के संपर्क में हैं. हमने यहां स्थित रूसी दूतावास और रूस सरकार से भी बात की है. हम इन लोगों के परिवारों के संपर्क में भी हैं और उन्हें मामले की जानकारी दे रहे हैं. उन्होंने कहा कि विदेश मंत्रालय लोगों को पहले भी इस तरह की भर्तियों और इनके खतरों के प्रति आगाह कर चुका है. उन्होंने कहा, रूसी सेना में सेवा करने के प्रस्तावों से दूर रहना चाहिए क्योंकि यह एक ऐसा प्रस्ताव है जो जीवन के लिए खतरे से भरा है.

# राज्य मंत्री ने खोलीं वैश्विक सहयोग की राहें

### घाना, वियतनाम और श्रीलंका के साथ सहयोग पर की चर्चा

**पेरिस , 07 नवंबर. वर्ल्ड ट्रैवल मार्ट लंदन 2025 का दूसरा दिन मध्य प्रदेश के लिए बेहद सार्थक और सफल रहा.**

इस प्रतिष्ठित वैश्विक मंच पर पर्यटन, संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र सिंह लोधी ने पर्यटन और सांस्कृतिक आदान-प्रदान में सहयोग के नए अध्याय जोड़ने के लिए भारत और विदेश के कई प्रमुख गणमान्य व्यक्तियों से मुलाकात की. इन सभी चर्चाओं में मध्य प्रदेश की समृद्ध विरासत, वन्य जीवन, आध्यात्मिकता और संस्कृति की झलक दिखाई दी, जिसने एक बार फिर इस बात को



सिद्ध किया कि मध्य प्रदेश अतुल्य भारत का हृदय है. लोधी ने घाना की पर्यटन मंत्री सुअबला दिज़फा गोमाशी के साथ सांस्कृतिक साझेदारी और वियतनाम के संस्कृति मंत्री गुयेन वैन हंग के साथ विरासत-आधारित पर्यटन एवं संयुक्त प्रचार अभियानों को बढ़ावा देने पर गहन विमर्श किया. न केवल अंतरराष्ट्रीय, बल्कि अंतर-राज्यीय संबंधों को भी मजबूती देते हुए.

राज्य मंत्री लोधी ने आंध्र प्रदेश के पर्यटन मंत्री कंदुला दुर्गेश से मुलाकात की और आपसी सांस्कृतिक सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा की. श्रीलंका के साथ हुई बैठक विशेष रूप से उल्लेखनीय रही. वहां के पर्यटन मंत्री विजिथा हेराथ के साथ हुई बातचीत का मुख्य केंद्र, मध्य प्रदेश के बौद्ध सर्किट को श्रीलंका में लोकप्रिय बनाना और बदले में, श्रीलंका के रामायण ट्रेल से भारतीय यात्रियों को परिचित कराना था. लोधी ने सरकार के पर्यटन मंत्रालय के माध्यम से एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने की प्रक्रिया शुरू करने का भी प्रस्ताव रखा.

पाकिस्तान घिरा | ट्रंप के खुलासे के बाद परमाणु गतिविधियों पर भारत का निशाना

# गुप्त व अवैध परमाणु गतिविधि पाक का इतिहास

**नईदिल्ली, 07 नवंबर. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा किए गए इस दावे के बाद कि पाकिस्तान चोरी-छिपे परमाणु परीक्षण कर रहा है, भारत ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है.**

विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को स्पष्ट कहा कि गुप्त और अवैध परमाणु गतिविधियां पाकिस्तान के इतिहास का हिस्सा हैं. मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साप्ताहिक ब्रीफिंग में कहा कि पाकिस्तान का परमाणु कार्यक्रम लंबे समय से तस्करी, निर्यात नियंत्रण उल्लंघन और गुप्त साझेदारियों पर



आधारित रहा है. जायसवाल ने कहा कि भारत ने हमेशा अंतरराष्ट्रीय समुदाय को पाकिस्तान की संदिग्ध परमाणु गतिविधियों के प्रति आगाह किया है. उन्होंने यह भी कहा कि भारत, राष्ट्रपति ट्रंप के बयान को इसी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि में देखता है, जहां पाकिस्तान का रिकॉर्ड पारदर्शिता से कोसों दूर रहा है. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हालिया बयान ने वैश्विक स्तर पर परमाणु हथियारों की राजनीति को एक बार फिर सुर्खियों में ला दिया है. ट्रंप ने कहा था कि चीन, रूस, उत्तर कोरिया और पाकिस्तान जैसे देश चोरी-छिपे परमाणु परीक्षण कर रहे हैं. इस पर भारत ने अपनी कड़ी प्रतिक्रिया दी है.

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि गुप्त और अवैध परमाणु गतिविधियां पाकिस्तान के इतिहास का हिस्सा हैं, जो दशकों से तस्करी, निर्यात नियंत्रण उल्लंघन, गुप्त साझेदारियों और एक्यू खान ने कहा कि पाकिस्तान का परमाणु कार्यक्रम पारदर्शिता से रहित रहा है और यह क्षेत्रीय शांति के लिए हमेशा चिंता का विषय रहा है . भारत ने बार-बार अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पाकिस्तान के परमाणु प्रसार से जुड़ी गतिविधियों की ओर ध्यान आकर्षित किया है . जायसवाल ने कहा कि भारत, अमेरिका के राष्ट्रपति के बयान को उसी पृष्ठभूमि में देखता है, जो पाकिस्तान की दशकों पुरानी गतिविधियों को दर्शाता है . भारत ने यह भी स्पष्ट किया कि वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर परमाणु अप्रसार और नियंत्रण से संबंधित सभी संधियों एवं मानकों का पालन करता है .

# संविधान को आचरण का हिस्सा बनाएं युवा

- युवा संवाद 'विमर्श' में बोले न्यायमूर्ति एके गोयल

**नई दिल्ली, 07 नवम्बर. उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायधीश, न्यायमूर्ति ए.के. गोयल ने शुक्रवार को भारतीय संविधान में जीवन का दर्शन समाहित होने की बात कहते हुए युवाओं से इसके मूल्यों को अपने आचरण का हिस्सा बनाने का आग्रह किया.**

युवा संगठन की ओर से आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक युवा संवाद 'विमर्श ' का आज कमला नेहरू कॉलेज में आगाज हुआ. इस मौके पर न्यायमूर्ति गोयल ने कहा कि भारत का संविधान विश्व के सबसे जीवंत संविधानों में से एक है, जिसमें



शासन का ढांचा ही नहीं, बल्कि जीवन का दर्शन भी समाहित है और युवाओं से संविधान के मूल्यों को अपने आचरण का हिस्सा बनाने चाहिए. इस वर्ष के विमर्श का विषय 'संविधान- भारत की आत्मा' है. इस कार्यक्रम का उदेश्य युवा, शिक्षाविद् और विचारक एक साथ लाना और भारत के संवैधानिक मूल्यों और उसकी जीवंत भावना पर विचार व्यक्त करने के मंच उपलब्ध करना है.

इस मौके पर दिल्ली विश्वविद्यालय के कमला नेहरू कॉलेज की प्राचार्य प्रो. डॉ . पवित्रा भारद्वाज ने युवाओं को लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए प्रेरित किया और कहा कि संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि हमारे देश की आत्मा है . कार्यक्रम की शुरुआत दक्षिण भारत के प्रसिद्ध पारंपरिक नृत्य से हुई, जिसने भारतीय संस्कृति की विविधता और एकता का सुंदर प्रदर्शन किया . तत्पश्चात महाराष्ट्र के लोकनृत्य की अद्भुत प्रस्तुति ने पूरे सभागार में उत्साह और उल्लास का वातावरण बना दिया .

# सीरिया के राष्ट्रपति पर लगे प्रतिबंध हटाने को लेकर मतदान

**संयुक्त राष्ट्र, 07 नवंबर.** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने सीरियाई राष्ट्रपति अहमद अल-शराआ की वाशिंगटन यात्रा से पहले उन पर लगे प्रतिबंध हटाने के अमेरिकी प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया है. अमेरिका द्वारा तैयार प्रस्ताव में गुरुवार को सीरियाई गृह मंत्री अनस खत्ताब पर लगे प्रतिबंध भी हटा दिये गये. सुरक्षा परिषद के बयान के अनुसार परिषद ने फैसला किया कि दोनों को इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड द लेवेंट (आईएसआईएल) और अल-कायदा प्रतिबंध सूची से हटा दिया जाना चाहिए. इस प्रस्ताव को परिषद के 14 सदस्यों ने मंजूरी दी.